# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक : 12.09.2023

## प्रकाशनार्थ

**दिनांक 12.09.2023 गोरखपुर। महाविद्यालय के बी.कॉम. तृतीय वर्ष के छात्र/छात्राओं को CBCS प्रणाली के अंतर्गत निर्धारित मेजर इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग के बारे मे विधुन लर्निफाई प्राइवेट लिमिटेड के CEO Er श्री विपुल त्रिपाठी द्वारा विस्तृत चर्चा करते हुए बताया गया कि** रिज्यूम बनाना, ऑटोमेटिक ट्रैकिंग प्रणाली, डिजिटल मार्केटिंग प्लेटफार्म, मानव संसाधन प्रणाली, संचार कौशल, बिजनेस डेवलपमेंट, बिजनेस से बिजनेस (B2B) और बिजनेस से उपभोक्ता (B2C) आदि के बारे में अपना मार्गदर्शन प्रदान किया एवं साथ-साथ मेजर इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग करने के बाद कई विधाओं में कौशल वृद्धि करके अपने कैरियर का उन्नयन कर सकते हैं।

**कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा** कि आज के गलाकाट प्रतियोगिता के बाजार में रोजगार प्राप्त करना आसान नहीं है क्योंकि किसी कार्य को करने में सक्षम तो सभी है किन्तु उस कार्य को करने में जिसकी दक्षता होगी वही अपने को बाजार में बनाए रख सकेगा और जिसके लिए कौशल का निरंतर विकास आवश्यक है, जिससे आपकी कार्यक्षमता, उत्पादकता और कार्य की गुणवत्ता में वृद्धि होती है।

उन्होंने विक्रय संवर्धन को समझाते हुए कहा कि विचार एक वस्तु है जिसकी उपयोगिता किसी उपभोक्ता के मस्तिष्क में कैसे संप्रेषित किया जाए ताकि वह उस वस्तु को क्रय करने के लिए लालायित हो जाए।

**कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया तथा आभार ज्ञापन वाणिज्य विभाग के प्रभारी डॉ. संजीव कुमार सिंह ने किया इस कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के शिक्षक श्री दीपक कुमार साहनी, डॉ अभय मालवीय एवं डॉ. सुभाष गुप्ता एवं कंपनी की HR अक्षिता मिश्रा और छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।**

**(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह**
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क